राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने बिहारवासियों को नव वर्ष–2018 की शुभकामनाएँ दी

पटना, 31 दिसम्बर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने नव वर्ष–2018 के शुभागमन के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री मलिक ने कहा है कि ''मेरी शुभेच्छा है कि नव वर्ष में सबके जीवन और समाज में सुख, शांति, समृद्धि और सौहार्द का ऐसा वातावरण बना रहे, जिससे राष्ट्रीय एकता, सद्भावना और न्यायमूलक प्रगति सुदृढ़ हो।''

अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री मलिक ने विश्वास व्यक्त किया है कि नये वर्ष में बिहार सतत् प्रगति–पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

.....................................................